# पीएसपी विकासकर्ताओं को जल व भूमि का आवंटन जल्द होगा

**राब्यू, जागरण● लखनऊ :** अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने सोन नदी पर पंप स्टोरेज पावर (पीएसपी) परियोजनाओं के लिए जल व भूमि का आवंटन जल्द करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित चल रहीं 10 परियोजनाओं को जल व भूमि के आवंटन के अलावा विभिन्न प्रकार के अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाएं।

सोमवार को इन्वेस्ट यूपी के कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने पीएसपी परियोजनाओं की समीक्षा की। कहा कि राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा व ऊर्जा भंडारण के तंत्र को मजबूत करने के लिए पीएसपी परियोजनाओं का क्रिन्यावयन जरूरी है। अन्य राज्यों से होकर प्रवाहित होने वाली नदियों में उप्र के हिस्से के अनुरूप जल पुनर्भरण से जुड़े सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। अंतरराज्यीय सोन नदी पर परियोजनाओं के लिए जल आवंटन के कार्य में देर न की जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल उपलब्धता और परियोजना का आकलन किया जा चुका है। उन्होंने वन और राजस्व अभिलेखों से संबंधित भूमि मुद्दों को हल करने के लिए दोनों विभागों को समन्वय से कार्य करने की सलाह दी।